# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 29 अप्रैल 2024, सोमवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा बिहार के झंझारपुर और बेगूसराय में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**सिर्फ मोदी जी ही बिहार को लालटेन युग से LED युग में ले जा सकते हैं**

**************************

**INDI अलायंस हर साल प्रधानमंत्री पद को बाँटकर देश चलाना चाहती है, क्या देश ऐसे चल सकता है?**

**************************

**मोदी जी ने कर्पूरी ठाकूर जी के पथ पर चलकर गरीब कल्याण का काम किया**

**************************

**श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है जातिवाद और भ्रष्टाचार मुक्त बिहार**

**************************

**मैथिली भाषा को 8वीं अनुसूची में डालकर भाजपा सरकार ने मैथिली का पुनरुत्थान किया**

**************************

**लालू जी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कांग्रेस की गोदी में बैठे हैं**

**************************

**देश को मजबूर नहीं मजबूत नेता चाहिए, जो बड़े फैसले लेते हुए देश को सुरक्षित रखे**

**************************

**कम्युनिस्टों के कारण बिहार नक्सलवाद का शिकार था, मोदी जी ने बिहार से नक्सलवाद को खत्म किया**

**************************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बिहार के झंझारपुर और बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर केन्द्रीय मंत्री व बेगुसराय से प्रत्याशी श्री गिरिराज सिंह, जेडीयू सांसद श्री संजय झा, बिहार सरकार के मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, बिहार सरकार में मंत्री श्रीमती शीला मंडल, प्रत्याशी श्री रामप्रीत मंडल, प्रत्याशी श्री अशोक यादव सहित अन्य पदाधिकारीगढ़ उपस्थित रहे। श्री अमित शाह ने  इंडी गठबंधन की आलोचना करते हुए कांग्रेस के शासनकाल में गरीबों और पिछड़ों के साथ हुए अन्याय पर प्रकाश डाला एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में विगत एक दशक में हुए जन-कल्याणकारी और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि इतने सालों में कांग्रेस और लालू ने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया था, लेकिन हमारे नेता और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देकर समस्त बिहार के पिछड़े समाज का सम्मान किया। कर्पूरी ठाकुर जी ने पिछड़े समाज से आने के बावजूद भी जो लोकप्रियता हासिल की वो लोकप्रियता आज भी सभी के ईर्ष्या का कारण बनी हुई है। जिस प्रकार कर्पूरी ठाकुर जी ने गरीब घर से आकर बिहार में गरीब, दलित और पिछड़ो की आवाज को बुलंद किया ठीक उसी प्रकार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र

मोदी जी ने भी गरीब चाय बेचने वाले के घर में जन्म लेकर पूरे देश के गरीबों के के कल्याण का यज्ञ शुरू किया है। **आज श्री नरेन्द्र मोदी जी पूरे देश के गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ों और वंचितों के कल्याण के लिए काम करने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं।** श्री अमित शाह ने कहा कि हमें श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और **तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है बिहार के अंदर जातिवाद को समाप्त करके प्रतिभा के आधार पर राजनीति और बिहार के अंदर भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री चुनने का मतलब है देश के खजाने की पाई-पाई गरीबों को उनके अधिकार के साथ सौंपना।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए प्रश्न किया कि अगर विपक्षी गठबंधन को बहुमत मिल गया तो प्रधानमंत्री कौन बनेगा? देश को कौन संभालेगा? लालू यादव, स्टालिन, ममता जी, शरद पवार, अखिलेश यादव, या राहुल बाबा? यदि ये सभी एक-एक साल भी देश चलाएं तो भी देश नहीं संभाल पाएंगे। केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश को चला सकते हैं और सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। देश में कोरोना महामारी का संकट आया लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व ने देश को इस संकट से बाहर निकाला। **देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में जी-20 का आयोजन हुआ, जिससे देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला।**

श्री शाह ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश की 130 करोड़ की जनता को कोरोनाकाल में टीका लगवाया और देश को कोरोना से सुरक्षित किया। राहुल गांधी ने महामारी के समय भी राजनीति की और टीके पर सवाल उठाए।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और बिहार के लोगों का कश्मीर से क्या लेना-देना है। खड़गे साहब को पता नहीं है कि बिहार का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। कांग्रेस सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते कई वर्षों तक धारा 370 अनौरस बच्चे के तरह संभाल रखा था, लेकिन **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को सदा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते थे कि धारा 370 को हटाया तो देश में खून की नदियां बह जाएगी, खून की नदियां तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई।** यूपीए की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के भीतर उरी और पुलवामा हमले का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया। **मोदी सरकार ने बिहार और झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने 70 सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के भीतर फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हो गया और आज भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। लालू यादव, तेजस्वी यादव, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले ये लोग नहीं पहुंचे। **आज पूरे देश के राम भक्त विशेषकर माताएं- बहनें, राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में न जाने को लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं से नाराज हैं।**

श्री शाह ने जानकारी देते हुए कहा **कि लालू यादव की सरकार ने मिथिला का सम्मान धूमिल करने का काम किया है लेकिन श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में तालाब, मछली और मखाना तीनों को बचाने का काम एनडीए की सरकार ने किया है। भाजपा सरकार ने मिथिला को सम्मानित करने हेतु मैथिली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करके नया जीवन देने का काम किया है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 4 करोड़ लोगों को घर देने का काम किया है और अपने संकल्प पत्र में आगामी 5 वर्षों में 3 करोड़ और घर बनाने

का लक्ष्य रखा है। भाजपा सरकार ने नेतृत्व में दुनिया का पहला चंद्रयान, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचाया गया और जिस स्थान पर तिरंगा फहराया गया, उस स्थान का नाम शिवशक्ति पॉइंट रखा गया। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मखाना उद्योग के लिए अनेकों काम किये है, आज देश के 90% मखाना मिथिला क्षेत्र में होता है और 2022 में मधुवनी मखाना को GI टैग देकर विश्वभर में प्रसिद्ध करने का कार्य किया। आज 6 जिलों में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में मधुवनी मखाना का नाम है।** आत्मनिर्भर अभियान के तहत 10 हजार करोड़ की लागत से आरंभ की गई योजना के अंतर्गत मखाना उद्योग को शामिल किया गया है। स्फूर्ति योजना के तहत मखाना प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन सेंटर खोलने का काम भी मोदी सरकार ने किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग का अगर कोई सबसे विरोधी पार्टी है तो वो कांग्रेस पार्टी है और लालू जी भी अपने बेटे को मु्ख्यमंत्री बनाने के लिए कांग्रेस की गोद में बैठे हुए हैं। श्री अमित शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस ने काका साहब कालेलकर कमीशन और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को अगर कांग्रेस ने रोकने और विरोध करने का काम नहीं किया होता तो 1957 में ही आरक्षण मिल गया होता। श्री अमित शाह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने पिछड़े वर्ग से एक सबसे सफल प्रधानमंत्री बनाया, एनडीए में 27 प्रतिशत सांसद पिछड़े वर्ग से हैं और मंत्रिमंडल में भी 27 प्रतिशत मंत्री पिछड़े वर्ग से हैं। केन्द्र सरकार के सारे शिक्षा संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण यदि किसी ने दिया है तो वो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिया है।

श्री शाह ने जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा झंझारपुर के विकास हेतु भारतमाला परियोजना जैसी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिसमें ₹1000 करोड़ के निवेश के साथ मधेपुरा से विदेश्वर तक 26 किमी लंबी सड़क और बकौल और मधुमती जिलों में 10 किमी सड़क पुल का निर्माण शामिल है। यह पुल देश का सबसे लंबा सड़क पुल बनने की तैयारी में है। इसके अतिरिक्त, 1 लाख 82 हजार से अधिक घर उपलब्ध कराए गए हैं, 3 लाख लोगों को 5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवर मिला है, और 5 लाख 12 हजार महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन मिले हैं। इसके अलावा, 8 लाख 70 हजार से अधिक लोगों को 5 किलोग्राम खाद्यान्न मिला है, 7 लाख से अधिक घरों को पानी का कनेक्शन प्रदान किया गया है, और 3 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रति वर्ष ₹6000 मिले हैं। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य बिहार को "लालटेन" युग के पुराने दृष्टिकोण से बाहर निकालकर बिहार और मिथिलांचल क्षेत्र को आधुनिक बनाना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा दृढ़ निश्चयी नेता ही देश को लालटेन युग से एलईडी युग तक ले जा सकता है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह के मार्गदर्शन में बिहार में बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। इन विकासों में औंटा-बेगूसराय को जोड़ने वाले 6-लेन पुल का निर्माण और रेलवे लाइन पर एक ओवरब्रिज के निर्माण पर चल रहा काम शामिल है। इसके अलावा, 1 लाख 22 हजार वंचित व्यक्तियों को आवास प्रदान किया गया है, जबकि 3 लाख 75 हजार लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख का वार्षिक स्वास्थ्य कवर मिला है। इसके अलावा, प्रति माह 5 किलोग्राम निःशुल्क खाद्यान्न वितरण से 5 लाख 75 हजार व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, 4 लाख 20 हजार महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन, 4 लाख 75 हजार परिवारों को पानी का कनेक्शन और 1 लाख 20 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6000 का वार्षिक अनुदान मिला है। **मुंगेर रेल पुल का निर्माण, हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन 86 करोड़ की लागत से बनाने का काम, गंगा नदी पर चार लेन का पुल, हल्दिया-बोकारो पाइपलाइन, उत्तरी कॉल जलाशय परियोजना और ग्रीनफील्ड एक्स्प्रेस-वे बनाने का काम मोदी सरकार ने पूरा किया है।**

श्री शाह ने कहा कि लालू यादव कई घोटालों और भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त हैं, जिनमें चारा घोटाला, कोबाल्ट घोटाला, कीटनाशक घोटाला, शिक्षा घोटाला, मेधा घोटाला, नेट बैंकिंग धोखाधड़ी, अलकतरा घोटाला, दवा

घोटाला, साथ ही रेलवे नौकरियां और भूमि घोटाला शामिल हैं। **उनका एकमात्र उद्देश्य अपने बेटे के लिए मुख्यमंत्री पद हासिल करना प्रतीत होता है, जबकि सोनिया गांधी का लक्ष्य अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना है। एक ओर विपक्षी दल 12 लाख करोड़ के घोटाले में शामिल हैं और दूसरी ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। परिवारवादी पार्टियों में नेतृत्व और कुशल नीतियों का अभाव है, जिससे यह स्पष्ट है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व ही देश को विकास के मार्ग पर ले जा सकता है।**

**************************